पोस्टल बैलेट सूचना

दिनांक: 18 जनवरी, 2019 से 16 फरवरी, 2019 तक

NOTICE OF POSTAL BALLOT

Date: 18th January, 2019 to 16th February, 2019

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम

एक परिवार एक बैंक

प्रधान कार्यालय: "लोकमंगल", 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 411 005
HEAD OFFICE: "Lokmangal", 1501, Shivajinagar, Pune - 411 005.
टेली./Tel.: 020 25511360 **ईमेल/Email:** investor_services@mahabank.co.in
वेबसाइट/Website: www.bankofmaharashtra.in

शेयरधारकों के लिए महत्वपूर्ण संप्रेषण

सेबी, ने अपने दिनांक 20 अप्रैल, 2018 के परिपत्र क्र. सेबी/ एचओ/ एमआइआरएसडी/ डीओपी 1/ परिपत्र/ पी/ 2018/ 73 द्वारा सभी सूचीबद्ध कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिभूति को भौतिक रूप से धारित करने वाले अपने शेयरधारकों के पैन नंबर और बैंक खाते के विवरण को अभिलेखबद्ध करें। तदनुसार, भौतिक रूप से शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निरस्त चेक सहित अपने पैन कॉपी की एक प्रति और बैंक विवरण रजिस्ट्रार और बैंक के शेयर अंतरण एजेंट को तुरंत प्रस्तुत करें। उक्त परिपत्र के अनुसार भौतिक रूप से शेयर धारण करने वाले बैंक के सभी शेयरधारकों को अलग से पत्र भेजे गए हैं।

साथ ही, सेबी (सूचीकरण अनिवार्यताएं और प्रकटन अपेक्षाएं) विनिमयन, 2015 को ध्यान में रखते हुए सेबी के दिनांक 08 जून, 2018 के सूचीकरण क्रमांक सेबी/ एलएडी-एनआरओ/ जीएम/ 2018/24 और दिनांक 03 दिसंबर, 2018 के पीआर क्र. 49/ 2018 द्वारा केवल शेयरों के हस्तांतरण अथवा स्थानांतरण को छोड़कर बैंक के शेयरों के अंतरण के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा, यदि शेयर डिपॉजिटरी के पास डिमैट प्रारूप में न रखे गए हों। तदनुसार बैंक के उन शेयरधारकों, जिन्होंने भौतिक रूप से शेयर अपने पास रखे हैं, से अनुरोध है कि बैंक के शेयरों को तुरंत डिमैट रूप में परिवर्तित करें। 31 मार्च, 2019 के बाद भौतिक रूप में उपलब्ध प्रतिभूतियों के अंतरण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

IMPORTANT COMMUNICATION TO SHAREHOLDERS

SEBI, vide its Circular No. SEBI/HO/MIRSD/DOP1/CIR/P/2018/73 dated 20th April 2018, has directed all the listed companies to record the PAN and Bank Account details of holders holdings securities in physical form. Accordingly, the shareholders holding shares in physical form are requested to submit a copy of their PAN and Bank Account details along with a cancelled cheque to the Registrar and Share Transfer Agent of the Bank at the earliest. Separate letters have been sent to the Shareholders of the Bank holding securities in physical form as per the said Circular.

Further, in view of amendments to the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015 vide SEBI Notification No. SEBI/LAD-NRO/GN/2018/24 dated 8th June 2018, and PR No. 49/2018 dated 3rd December, 2018, requests for effecting transfer of shares of the Bank shall not be processed unless the shares are held in the dematerialized form with a depository, except in case of transmission or transposition of shares. Accordingly, the Shareholders of the Bank holding shares in physical form are requested to dematerialise the shares held by them at the earliest. Transfer of securities in physical form will not be allowed after 31st March, 2019.

पोस्टल बैलेट सूचना

प्रिय शेयरधारक,

यह सूचना, समय समय पर यथासंशोधित सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 एवं कंपनी नियम (प्रबंधन एवं प्रशासन), 2014 के नियम 22 (समय-समय पर कृत सांविधिक आशोधन या पुनर्धिनियमन सहित) में उल्लेखित अपेक्षाओं के अनुपालन में विशेष संकल्पों को पोस्टल बैलेट, जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग अर्थात ई-वोटिंग भी शामिल है, के माध्यम से पारित करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के (जिसे आगे से बैंक कहा जाएगा) शेयरधारकों से सहमति प्राप्त करने के लिए जारी की जाती है।

प्रस्तावित विशेष संकल्प एवं उसके व्याख्यात्मक विवरण में भौतिक तथ्य एवं उसके कारण इसके साथ संलग्न किए गए हैं।

बैंक ने पोस्टल बैलट प्रक्रिया के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज, ठाणे की सुश्री मालती कुमार (सीओपी क्र. 10890) या उनकी जगह सुश्री अश्विनी वर्तक (सीओपी क्र.16723) को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

कृपया पोस्टल बैलट की सूचना और प्रपत्र दस्तावेज में उल्लेखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़े और प्रपत्र को पूर्ण रूप से विधिवत भर कर उसे इसके साथ संलग्न स्व-पता मुद्रित पूर्व-प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफे (इनवोलप) में रखकर संवीक्षक को इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 16.02.2019 को कार्य समाप्ति समय अर्थात 5.00 बजे से पहले निम्नलिखित पते पर प्राप्त हो जाए।

संवीक्षक - मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी
इकाई : बैंक ऑफ महाराष्ट्र
द्वारा एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड
ए-209, 2 री मंजिल, सी-विंग, गोकुल इंडस्ट्रियल ईस्टेट, सगबाग,
मरोल को-ऑप इंडस्ट्रियल क्षेत्र, टाईम्स स्क्वेअर के पीछे,
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059

बैंक विशेष संकल्प पर मतदान प्रदान करने के लिए शेयरधारकों को ई-वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करा रही है। ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के इच्छुक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इस पोस्टल बैलेट की सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें और ई-वोटिंग के संबंध में उल्लेखित निर्देशों का पालन करें।

पोस्टल बैलेट और ई-वोटिंग शुक्रवार 18 जनवरी, 2019 को सुबह 9.00 बजे से शुरू होगी तथा शनिवार 16 फरवरी, 2019 शाम 5.00 बजे बंद हो जाएगी।

एजेंडा मद क्र. 1: अधिमानी आधार पर भारत सरकार को बैंक के रू.10/- प्रत्येक के ईक्विटी शेयर जारी करना:

विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो निम्नलिखित संकल्प को विशेष संकल्प के रूप में पारित करना :

"प्रस्ताव किया जाता है कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 **("दी एक्ट")**, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 **("द स्कीम")** और बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर्स और बैठकें) विनियम, 2004 **("द रेग्यूलेशन")**, समय-समय पर यथासंशोधित, के अनुसरण में और भारतीय रिज़र्व बैंक **("आरबीआई")**, भारत सरकार **("जीओआई")**, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड **("सेबी")** और/या इस संबंध में आवश्यक किसी अन्य प्राधिकारी के अनुमोदन, सहमति, मंजूरी यदि कोई हो के अधीन और इस प्रकार के अनुमोदन देने में उनके द्वारा निर्धारित किए गए आशोधनों, शर्तों और नियमों के अधीन और जिन्हें बैंक का निदेशक मंडल स्वीकार कर सकता है तथा जो भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम 2018 **(सेबी आईसीडीआर विनियम)**, समय-समय पर यथा संशोधित और भारतीय रिज़र्व बैंक तथा अन्य सभी संबद्ध प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर निर्धारित विनियमों और स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं, के साथ किए गए सूचीकरण करार के अधीन, बैंक के शेयरधारकों की सहमति एतद्द्वारा बैंक के निदेशक मंडल (इसके बाद जिसे "बोर्ड"कहा जाएगा जिसमें बोर्ड द्वारा गठित या गठित की जाने वाली कोई समिति जो इसके अधिकारों तथा संकल्प द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करेगी) को प्रदान की जाती है, जो "सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के विनियम 164 के अनुसरण में यथानिर्धारित भारत सरकार **(जीओआई)** को अधिमान आधार पर 10/- प्रति मूल्य (रुपए दस मात्र) के कुल 4,498/- करोड़ (रूपए चार हजार चार सौ अठानबे करोड़ मात्र) के ईक्विटी शेयरों को (प्रीमियम सहित) नकद मूल्य पर उत्पन्न, प्रस्तावित, निर्गम तथा आबंटित करेगा।

प्रस्ताव किया जाता है कि निर्गम मूल्य के निर्धारण हेतु संबद्ध दिनांक **17 जनवरी, 2019** है।

प्रस्ताव किया जाता है कि बोर्ड को भारत सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड/स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या ऐसे अन्य समुचित प्राधिकारी द्वारा बोर्ड द्वारा निर्गम, आबंटन तथा सूचीकरण हेतु अपना अनुमोदन, सहमति, अनुमति तथा मंजूरी प्रदान करते समय प्रस्ताव में अपेक्षित या लगाए गए किन्हीं आशोधनों को स्वीकार करने का अधिकार एवं प्राधिकार होगा।

यह प्रस्ताव भी है कि उक्त ईक्विटी शेयर बैंक के मौजूदा ईक्विटी शेयरों के अनुरूप होंगे तथा ऐसी घोषणा के समय लागू सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप

घोषित किसी प्रकार के लाभांश, यदि कोई हो, हेतु पात्र होंगे।

यह प्रस्ताव भी है कि उपर्युक्तानुसार निर्गम किए जाने वाले नए इक्विटी शेयरों को उन स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया जाएगा जहां नए इक्विटी शेयरों के आबंटन के दिनांक पर बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं।

यह भी प्रस्ताव किया जाता है कि इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एतद्द्वारा निदेशक मंडल को निर्गम जारी करने / प्रतिभूतियों के संदर्भ में किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका के निपटान हेतु अपने पूर्ण विवेकाधिकार से आवश्यक, उचित और वांछित कृत्य, कर्म, कार्य, करने और इसके बाद अपने पूर्ण विवेकाधिकार से, वह जैसा उचित समझे, आवश्यक, उचित और वांछित, हेतु कृत्य, कर्म, कार्य, करने और शेयरधारकों के किसी भी आगे के अनुमोदन की आवश्यकता के बिना या प्राधिकृत किए बिना और यह मानते हुए कि प्रस्ताव को प्राधिकृत करते हुए शेयरधारकों ने इसके लिए अपनी अनुमति प्रदान की है, सभी दस्तावेजों व हामियों को यथावश्यक और अपेक्षानुसार निष्पादित करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत किया गया है।

यह भी प्रस्ताव किया जाता है कि बोर्ड को एतद्द्वारा उसे यहां प्रदत्त किन्हीं या सभी अधिकारों को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी या कार्यपालक निदेशक/कों या बैंक के ऐसे ही किसी अन्य अधिकारी या समिति जिसे यह उक्त संकल्प को प्रभाव देने हेतु उचित समझा जाए, को प्रत्यायोजित किए जाने हेतु प्राधिकृत किया जाता है।"

एजेंडा मद क्र.2: सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 के अनुसरण में कर्मचारी शेयर खरीद योजना के अधीन बैंक के पात्र कर्मचारियों को 10 करोड़ (दस करोड़) के ईक्विटी शेयर जारी करना:

विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो निम्नलिखित संकल्प को विशेष संकल्प के रूप में पारित करना :

"**प्रस्ताव किया जाता है कि** बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1980 (**"दी एक्ट"**), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (**"द स्कीम"**) और बैंक ऑफ महाराष्ट्र (शेयर्स और बैठकें) विनियम, 2004 (**"द रेग्यूलेशन"**), समय-समय पर यथासंशोधित, के अनुसरण में और भारतीय रिज़र्व बैंक (**"आरबीआई"**), भारत सरकार (**"जीओआई"**), भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) जिसमें बैंक के ईक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, जहां लागू हो और/या इस संबंध में आवश्यक किसी अन्य प्राधिकारी के अनुमोदन, सहमति, मंजूरी यदि कोई हो के अधीन और इस प्रकार के अनुमोदन देने में उनके द्वारा निर्धारित किए गए आशोधनों, शर्तों और नियमों के अधीन और जिन्हें बैंक का निदेशक मंडल स्वीकार कर सकता है तथा जो सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014, के अनुसार आज तक संशोधित (इसके आगे **सेबी (एसबीईबी) विनियमन** के संदर्भ में है) आरबीआई, सेबी तथा अन्य संबंधित प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश, यदि कोई हो, बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 के अधीन अधिसूचना/ परिपत्रों और स्पष्टीकरणों, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 तथा समय समय पर अन्य सभी लागू कानून तथा जो आज तक संशोधित सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएँ), 2015 के प्रावधानों में हैं, बीएसई लिमिटेड (बीएसई) नामित स्टॉक एक्सचेंज से बैंक द्वारा दर्ज युनिफॉर्म लिस्टिंग एग्रीमेंट तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) तथा जो लागू, अनुमोदन(नों), अनुमति(यों) तथा मंजूरी(यों), किसी भी स्तर पर, किसी भी प्राधिकारी तथा जो किसी भी शर्त(र्तों) तथा संशोधन(संशोधनों) जो इस प्रकार के अनुमोदन(नों), अनुमति(यों) तथा मंजूरी(यों) को स्वीकृति देने के दौरान इस प्रकार के प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित या लगाई जा सकती है तथा बैंक के निदेशक मंडल द्वारा सहमति दी जा सकती है तथा मान्य की जा सकती है, बैंक के शेयरधारकों की सहमति एतद्द्वारा बैंक के निदेशक मंडल (इसके बाद जिसे "बोर्ड"कहा जाएगा जिसमें बोर्ड द्वारा गठित या गठित की जाने वाली कोई समिति जो इसके अधिकारों तथा संकल्प द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करेगी) को प्रदान की जाती है, जो एक या अधिक हिस्से में, कर्मचारियों जो भारत या भारत के बाहर कार्यरत हो, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कार्यपालक निदेशक के पद ("कर्मचारी") शामिल होंगे जैसा कि बैंक के निदेशक मंडल द्वारा निर्णय लिया जा सकता है, सभी उद्देश्यों तथा सभी मामलों में, लाभांशो के भुगतान सहित, बैंक ऑफ महाराष्ट्र - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 के अधीन (इसके आगे संदर्भ बीओएम ईएसपीएस-2018), निदेशक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार ऐसी कीमत या कीमतों तथा ऐसे नियम व शर्तों के अनुसार, जो इस प्रकार से अपने पूर्ण विवेक से 10/- प्रति मूल्य (रुपए दस मात्र) के अंकित मूल्य के समग्रत: 10,00,00,000 (दस करोड़) तक नए ईक्विटी शेयर बैंक के मौजूदा ईक्विटी शेयरों के अनुरूप नकद मूल्य पर उत्पन्न, प्रस्तावित, निर्गम तथा आबंटित करेगा कि भारत सरकार की धारिता 51.00% से कम ना हो।

प्रस्ताव किया जाता है कि बैंक सेबी (एसबीईबी) विनियम के विनियमन 15 में निर्दिष्ट लेखांकन नीतियों के अनुरूप होगा।

प्रस्ताव किया जाता है कि बोर्ड द्वारा जारी किए गए इक्विटी शेयरों की सूचीबद्ध करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और उन्हें स्टॉक एक्सचेंजों में ''बीओएम ईएसपीएस - 2018'' के अंतर्गत आवंटित किया गया है, जहां युनिफॉर्म लिस्टिंग समझौतों के नियमों और शर्तों के अनुसार स्टॉक एक्सचेंज और अन्य लागू दिशानिर्देशों, नियमों और विनियमों के साथ प्रवेश कर, बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं।

प्रस्ताव किया जाता है कि बोर्ड ऐसे नियमों और शर्तों को लागू करने, तैयार करने, विकसित करने, निर्णय लेने और ''बीओएम ईएसपीएस - 2018'' को लागू करने के लिए अधिकृत है और इसके द्वारा बोर्ड द्वारा निर्णय लिए जा सकते हैं और समय समय पर बीओएम ईपीएस - 2018 के नियम और शर्तों में किसी भी संशोधन(नों), परिवर्तन(नों), भिन्नता(एं) कांटछाट और परिशोधन शामिल है परंतु कीमत, अवधि, पात्रता मानदंड के संबंध में संशोधन (संशोधनों) या ''बोर्ड-ईएसपीएस -2018'' को इस तरह से निलंबित, वापस लेने, समाप्त या संशोधित करने तक के लिए सीमित नहीं है, जैसा कि बोर्ड अपने एकमात्र

विवेकाधिकार में निर्धारित कर सकता है ''बीओएम ईएसपीएस - 2018'' के कार्यान्वयन के संबंध में आने वाले सभी प्रश्नों, कठिनाइयों या शंकाओं का निवारण करें और प्रस्तावित ''बीओएम ईपीएस - 2018'' के अनुसार जारी किए जाने वाले शेयरों को शेयरधारकों की किसी भी सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता के बिना, इस संकल्प के अधिकार द्वारा स्पष्ट रूप से वहां अपनी स्वीकृति दी जानी चाहिए।

प्रस्ताव किया जाता है कि निदेशक मंडल की समिति, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपलक अधिकारी या कार्यपालक निदेशक(कों) या इस तरह के बैंक के अन्य अधिकारी(यों) के लिए, निदेशक मंडल को इस पर दी गई सभी या किसी भी शक्तियों को सौंपने के लिए अधिकृत किया गया है क्योंकि यह सेबी (एसबीईबी) विनियमों और अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन में पूर्वोक्त प्रस्तावों को प्रभावी करने के लिए उपयुक्त हो सकता है।''

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते **बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

स्थान : पुणे
दिनांक : 10 जनवरी, 2019

(ए. एस. राजीव)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

टिप्पणियां :

1. प्रस्तावित विशेष संकल्प के लिए सभी भौतिक तथ्यों और कारणों को बताते हुए व्याख्यात्मक विवरण यहां संलग्न है।
2. पोस्टल बैलट फॉर्म के साथ यह नोटिस इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन शेयरधारकों को भेजा जा रहा है, जिनके ईमेल पते बैंक/ डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं, जब तक कि किसी भी शेयरधारक ने खुद को भौतिक प्रति के लिए पंजीकरण नहीं किया हो। उन शेयरधारकों के लिए जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनकी भौतिक प्रतियां अनुमत माध्यम से भेजी जा रही हैं। शेयरधारक यह नोट कर सकते हैं कि पोस्टल बैलट का यह नोटिस बैंक की वेबसाइट, www.bankofmaharashtra.in और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाईट अर्थात www.evotingindia.com पर उपलब्ध होगा।
3. शुक्रवार, 04 जनवरी, 2019 ("अंतिम तिथि") के शेयरधारकों के नाम पर पंजीकृत इक्विटी शेयरों के भुगतान-मूल्य पर मतदान के अधिकार की गणना की जाएगी। केवल वे शेयरधारक जिनके नाम बैंक के शेयरधारकों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रजिस्टर में अंतिम दिनांक के अनुसार दर्ज किए जाएंगे, वे पोस्टल बैलट या ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के हकदार होंगे। वह व्यक्ति जो अंतिम दिनांक पर शेयरधारक नहीं है, उसे पोस्टल बैलट के इस नोटिस को केवल सूचना हेतु माना जाना चाहिए।
4. बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों के अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 के उप-धारा (2 ई) के संदर्भ में, केंद्र सरकार के अलावा अन्य नए बैंक का कोई भी भागीदार, **बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक** उसके पास रखे गए शेयरों के संबंध में मतदान अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार नहीं होगा।
5. शेयरधारक मतदान के केवल एक माध्यम का चयन कर सकते हैं, अर्थात या तो पोस्टल बैलेट फॉर्म या ई-वोटिंग। यदि किसी शेयरधारक ने अपना मत पोस्टल बैलेट फॉर्म और ई-वोटिंग दोनों से डाला, तो ई-वोटिंग के माध्यम से डाला गया वोट मान्य होगा और पोस्टल बैलेट फॉर्म के माध्यम से डाला गया वोट अवैध माना जाएगा।
6. इसके अलावा, शेयरधारक, जिन्हें ईमेल द्वारा पोस्टल बैलट का नोटिस मिला है और जो भौतिक पोस्टल बैलेट फॉर्म के माध्यम से वोट करना चाहते हैं, वे बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in से पोस्टल बैलेट फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं या कंपनी सचिव, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे को 411005 को लिखकर प्राप्त कर सकते हैं और विधिवत पूर्ण और हस्ताक्षरित पोस्टल बैलेट फॉर्म संवीक्षक को भेजें ताकि शनिवार, 16 फरवरी, 2019 को सांय 5.00 बजे (आईएसटी) तक या उससे पूर्व पहुँच सकें।
7. प्रस्तावों को, यदि अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया है, तो शनिवार, 16 फरवरी, 2019 को पारित किया जाना माना जाएगा, अर्थात् यह बैंक द्वारा पूर्ण पोस्टल बैलेट फॉर्म या ई-वोटिंग प्राप्त करने की निर्दिष्ट अंतिम तिथि है।
8. कोई भी शेयरधारक पोस्टल बैलट पर प्रॉक्सी द्वारा अपने वोट का प्रयोग नहीं कर सकता है।
9. जो शेयरधारक पोस्टल बैलेट फॉर्म के माध्यम से वोट करने के इच्छुक हैं, उनसे अनुरोध है कि पोस्टल बैलेट फॉर्म के पीछे दिए गए दिशानिर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उक्त फॉर्म को पूर्ण रूप से भरकर एवं हस्ताक्षर करने के बाद संलग्न स्वयं के पते वाले पोस्टेज प्री-पेड व्यवसाय जवाबी लिफाफे में डालकर संवीक्षक को वापस लौटा दें, ताकि वह शनिवार, 16 फरवरी, 2019 को शाम 05.00 बजे (आईएसटी) से पूर्व संवीक्षक को मिल जाए।
10. डाक का खर्च बैंक द्वारा वहन किया जाएगा। तथापि, यदि पोस्टल बैलेट फॉर्म वाले लिफाफे को कूरियर या रजिस्टर्ड/ स्पीड पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से स्वयं के पते वाले पोस्टेज प्री-पेड व्यवसाय जवाबी लिफाफे में शेयरधारक के खर्च पर भेजा जाता है, तो उसे भी स्वीकार किया जाएगा। यदि कोई पोस्टल बैलेट फॉर्म शनिवार, 16 फरवरी, 2019 को शाम 05.00 बजे (आईएसटी) के बाद प्राप्त होता है तो ऐसा माना जाएगा कि शेयरधारक/ शेयरधारकों से

कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त, कृपया नोट करें कि निम्नलिखित परिस्थितियों में पोस्टल बैलेट फॉर्म को अमान्य घोषित किया जाएगा :

i. यदि बिना किसी संदेह के शेयरधारक की सहमति/ असहमति का निर्धारण करना संभव न हो; तथा/ या

ii. यदि एक सक्षम अधिकारी द्वारा बैंक को शेयरधारक के वोटिंग अधिकार फ्रीज करने का लिखित निर्देश दिया गया हो; तथा/ या

iii. यदि फार्म को इसप्रकार बिगाड़ा या खराब किया गया हो कि उसे वास्तविक फार्म मानना संभव न हो; तथा/ या

iv. यदि शेयरधारक द्वारा वोट देते समय वर्णित प्रस्ताव में कोई संशोधन किया गया हो या कोई शर्त लगाई गई हो; तथा/ या

v. फार्म में उपलब्ध कराई गई जानकारी अधूरी या गलत हो; तथा/ या

vi. यदि पोस्टल बैलेट फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं किया गया हो या हस्ताक्षर का मिलान नहीं हो रहा हो; तथा/ या

vii. यदि बैंक द्वारा जारी पोस्टल बैलेट फॉर्म के स्थान पर कोई अन्य फार्म का इस्तेमाल किया गया हो।

11. यदि कोई शेयरधारक डुप्लिकेट पोस्टल बैलेट फॉर्म लेने का इच्छुक है तो सदस्य द्वारा कंपनी सचिव, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 411005 को पत्र लिखा जा सकता है। तथापि, पूर्ण रूप से भरा हुआ और हस्ताक्षरित डुप्लिकेट पोस्टल बैलेट फॉर्म शनिवार, 16 फरवरी, 2019 को शाम 05.00 बजे (आईएसटी) से पूर्व संवीक्षक को मिल जाना चाहिए।

12. **ई-वोटिंग प्रक्रिया:**

i. निर्दिष्ट दिनांक अर्थात् **04 जनवरी, 2019 को** भौतिक या डीमैट रूप में शेयर रखनेवाले बैंक के शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक रूप में वोट दे सकते हैं। सभी शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग सुविधा **शुक्रवार, 18 जनवरी, 2019 के सुबह 09:00 बजे से शनिवार, 16 फरवरी, 2019 के शाम 05:00 बजे तक** खुली रहेगी। उसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को ई-वोटिंग हेतु निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

I. रिमोर्ट ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीका निम्नानुसार है:

क) ई-वोट करने के लिए निम्नलिखित चरणों का पालन करें:

i. निम्नलिखित यूआरएल टाइप कर इंटरनेट ब्राउजर खोलें: https://www.evotingindia.com/

ii. शेयरहोल्डर पर क्लिक करें- **लॉगइन**

iii. अब अपना यूज़र आई-डी डालें।

क) सीडीएसएल के लिए : 16 अंकों का लाभार्थी आईडी,

ख) एनएसडीएल के लिए: 8 अंकों के डीपी आई-डी के बाद 8 अंकों का क्लाइंट आईडी,

ग) भौतिक रूप में शेयर धारण करनेवाले सदस्यों द्वारा बैंक के साथ पंजीकृत फोलियो नंबर डालना चाहिए।

iv. उसके बाद प्रदर्शित इमेज वेरीफिकेशन को इंटर करें तथा लॉग-इन को क्लिक करें।

v. यदि आपके पास डीमैट रूप में शेयर हैं तथा आपने पहले भी www.evotingindia.com पर लॉग-इन कर किसी अन्य कंपनी के लिए वोटिंग की है, तो आप मौजूदा पासवर्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं।

vi. यदि आप इसका पहली बार इस्तेमाल कर रहे हैं तो निम्नलिखित चरणों का पालन करें:

	डीमैट रूप में तथा भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 अंकों का *पैन नंबर डालें (डीमैट शेयरधारकों के साथ-साथ भौतिक शेयरधारकों के लिए भी लागू) • जिन सदस्यों ने अपना पैन नंबर बैंक / आरटीए/ डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अद्यतीत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे पैन फील्ड में अपने नाम के प्रथम दो अक्षर और अनुक्रम संख्या के 8 अंकों का प्रयोग करें। • यदि अनुक्रम संख्या 8 अंकों से कम की है तो अपने नाम के प्रथम दो अक्षरों को कैपिटल लेटर में लिखने के बाद अनुक्रम संख्या लिखने के पूर्व आवश्यक संख्या के लिए शून्य का प्रयोग करें। उदाहरणार्थ, यदि आपका नाम रमेश कुमार (Ramesh Kumar) है और अनुक्रम संख्या 1 है तो पैन फील्ट में RA00000001 टाइप करें।

लाभांश बैंक का ब्यौरा या जन्मतिथि (डीओबी)	लॉग-इन करने के लिए आरटीए के अभिलेख/ बैंक में या आपके डीमैट खाते में अभिलेखित जन्मतिथि (डीडी/एमएम/ वाईवाई फॉमैट में) या लाभांश बैंक का विवरण डालें। • यदि दोनों ही विवरण डिपॉजिटरी या कंपनी के साथ अभिलेखित नहीं हैं तो कृपया निर्देश (iii) में उल्लिखित अनुसार लाभांश बैंक विवरण में सदस्य आई-डी/ फोलियो नंबर डालें।

vii. इन विवरणों को उचित रूप में डालने के बाद 'सबमिट' बटन दबाएं।

viii. इसके बाद भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य सीधे बैंक चयन स्क्रीन पर पहुंच जाएंगे। तथापि, डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अब 'पासवर्ड क्रियेशन' मेन्यू पर पहुंचेंगे जहां उन्हें नए पासवर्ड फील्ड में अनिवार्य रूप से अपना लॉग-इन पासवर्ड डालना होगा। कृपया नोट करें कि डीमैट धारकों द्वारा इस पासवर्ड का इस्तेमाल वोट देने हेतु पात्र होने पर किसी अन्य कंपनी प्रस्तावों हेतु वोटिंग करने के लिए भी किया जाना चाहिए बशर्ते कि सीडीएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग हेतु कंपनी का विकल्प उपलब्ध हो। आपसे अनुरोध है कि अपने पासवर्ड को किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने में सतर्कता बरतें।

ix. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए ब्यौरे का इस्तेमाल केवल इस नोटिस में उल्लिखित संकल्पों पर ई-वोटिंग हेतु किया जा सकता है।

x. प्रासंगिक **<बैंक ऑफ महाराष्ट्र>** के लिए वोट देने हेतु चयनित ईवीएसएन पर क्लिक करें।

xi. वोटिंग पेज पर आपको 'रिजोल्यूशन डिस्क्रिपशन' और उसके सामने वोटिंग हेतु विकल्प 'हां/ नहीं' दिखाई देगा। इच्छानुसार हां या नहीं विकल्प का चयन करें। विकल्प हां से तात्पर्य है कि प्रस्ताव पर आपकी सहमति है और नहीं से तात्पर्य है कि प्रस्ताव पर आपकी असहमति नहीं है।

xii. यदि आप समग्र प्रस्तावों की सूची देखने के इच्छुक हैं तो 'रिजोल्यूशन फाइल लिंक' पर क्लिक करें।

कार्यसूची मद क्रमांक 1 एवं 2 के लिए

xiii. वोटिंग पेज पर, **निर्दिष्ट दिनांक** को अर्थात् शुक्रवार, 04 जनवरी, 2019 को शेयरधारक के पास बैंक के मौजूदा शेयरों की संख्या प्रदर्शित होगी।

xiv. कार्यसूची मद क्रमांक 1 एवं 2 के संबंध में आप मामले के अनुसार सहमति या असहमति पर क्लिक कर सकते हैं। कृपया उचित विकल्प का चयन कर वोट करें और **'सबमिट'** पर क्लिक करें तथा सकेत दिए जाने पर **'कनफर्म'** दबाएं।

xv. एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा। यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो 'ओके' पर क्लिक करें अन्यथा वोट बदलने के लिए 'कैंसिल' बटन दबाएं एवं तदनुसार अपने वोट में संशोधन करें।

xvi. आपके द्वारा एकबार कार्यसूची मद को 'कनफर्म' किए जाने के बाद आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं है।

xvii. आप वोटिंग पेज पर 'क्लिक हेयर टू प्रिंट' पर क्लिक कर किए गए वोट की प्रिंट भी ले सकते हैं।

xviii. यदि आपके पास शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं और आप अपना लॉग-इन पासवर्ड भूल गए हैं तो यूजर आई-डी और इमेज सत्यापन कोड टाइप करें तथा फॉरगॉट पासवर्ड पर क्लिक करें एवं सिस्टम द्वारा मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करें।

xix. **शेयरधारक एनरॉयड आधारित मोबाइल के लिए उपलब्ध सीडीएसएल के मोबाइल ऐप एम-वोटिंग के माध्यम से भी वोट डाल सकते हैं। एम-वोटिंग ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐपल और विंडो फोन का इस्तेमाल करनेवाले लोग क्रमशः ऐप स्टोर और विंडो फोन स्टोर से ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। कृपया अपने मोबाइल से वोट करते समय मोबाइल ऐप द्वारा बताए गए दिशानिर्देशों का पालन करें।**

xx. **गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों और संरक्षकों के लिए नोट**

क) गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों (अर्थात् व्यक्ति, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अतिरिक्त) और संरक्षकों को www.evotingindia.com पर लॉग-इन कर कॉर्पोरेट के रूप में अपने को पंजीकृत करना चाहिए।

ख) इकाई के हस्ताक्षर और मुहर वाले पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल की जानी चाहिए तथा scrutinizer@snaco.net को प्रतिलिपि भेजी जानी चाहिए।

ग) लॉग-इन ब्यौरे प्राप्त होने के बाद एडमिन लॉग-इन और पासवर्ड का उपयोग करते हुए एक कम्प्लायन्स यूजर निर्मित किया जाए। कम्प्लायन्स यूजर उस खाते(खातों) को लिंक करने में समर्थ होगा जिनके लिए वे वोट करने के इच्छुक हैं।

घ) लॉग-इन में लिंक खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com को मेल की जानी चाहिए और खातों के अनुमोदन किए जाने पर वे अपना वोट डालने में समर्थ होंगे।

ड़) बोर्ड रिजॉल्यूशन और मुख्तारनामा (पीओए) जो उन्होंने अभिरक्षक, यदि कोई हो, के पक्ष में जारी किया है, की स्कैन प्रति संवीक्षक के सत्यापन हेतु प्रणाली में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड की जानी चाहिए।

ख) यदि ई-वोटिंग के संबंध में आपकी कोई शंका है या मुद्दा है तो आप www.evotingindia.com पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या आप श्री राकेश दलवी, प्रबंधक, सीडीएसएल, 'ए' विंग, 25वां तल, मैराथॉन फ्यूच्यूरेक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोवर परेल (ई), मुंबई - 400013 या टोल फ्री क्र. 1800-22-5533 पर संपर्क कर सकते हैं या आप helpdesk.evoting@cdslindia.com को मेल कर सकते हैं।

ग) शेयरधारक अद्यतीत ई-वोटिंग दिशानिर्देश के लिए बैंक की वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in- होम पेज पर इन्वेस्टर रिलेशन लिंक को भेंट दे सकते हैं।

13. पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग संपन्न होने के बाद संवीक्षक द्वारा विशेष प्रस्ताव के प्रत्येक कार्यसूची मद के पक्ष में या विरोध में पड़े कुल वोट पर एक संवीक्षक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) या निदेशक मंडल द्वारा प्राधिकृत कार्यपालक निदेशक या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। पोस्टल बैलेट फार्म की वैधता पर संवीक्षक का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

स्पष्टीकरण कथन :

कार्यसूची मद क्र.1:

सेबी (आईसीडीआर) नियमावली 2018 के अनुसार आवश्यक प्रकटन

क) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने अपने दिनांक 26 दिसंबर, 2018 के संप्रेषण एफ.क्र.एफ 7/ 38/ 2014-बीओए द्वारा बैंक को सूचित किया है कि भारत सरकार (जीओआई) के पक्ष में इक्विटी शेयर के अधिमानी आबंटन द्वारा बैंक को पूंजी के रूप में रु.4,498 करोड़ (रुपए चार हजार चार सौ अठानबे करोड़ मात्र) देने का निर्णय लिया है। भारत सरकार (जीओआई) द्वारा दिनांक 31 दिसंबर, 2018 को आवेदन राशि भी प्रेषित की गई है तथा इसे एक अलग खाता बनाकर रखा गया है। निदेशक मंडल ने अपनी 04 जनवरी, 2019 को आयोजित बैठक में भारत सरकार को अधिमानी आधार पर रु.4,498 करोड़ (प्रीमियम सहित) के इक्विटी शेयर जारी करने के प्रस्ताव को अपना अनुमोदन प्रदान किया है। उगाही गई पूंजी का उपयोग पूंजी पर्याप्तता में सुधार एवं बैंक के व्यवसाय वृद्धि हेतु निधियन के लिए किया जाएगा।

ख) **जारी किए जाने वाले निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की अधिकतम संख्या**

पोस्टल बैलेट के अंतिम दिनांक अर्थात् शनिवार, 16 फरवरी, 2019 को विशेष प्रस्ताव को पास माना जाएगा। सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटन अनिवार्यता) विनियमावली, 2018 की विनियमावली 161 के अनुसार गुरूवार, 17 जनवरी, 2019 प्रासंगिक दिनांक है तथा निर्गम मूल्य की गणना सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटन अनिवार्यता) विनियमावली, 2018 की विनियमावली 164 के अनुसार की जाएगी। निर्गम मूल्य तथा भारत सरकार ('जीओआई') को आवंटित और जारी किए जानेवाले शेयरों की संख्या प्रासंगिक दिनांक के बाद स्टॉक एक्सचेंज को सूचित की जाएगी।

ग) निर्गम के पूर्व एवं पश्चात शेयरधारिता का स्वरूप :

क्रम संख्या	श्रेणी	निर्गम से पूर्व	
		शेयरों की संख्या	शेयरधारिता का %
क	प्रवर्तकों की धारिता	2260923433	87.01
ख	गैर-प्रवर्तकों की धारिता	337530974	12.99
	कुल	**2598454407**	**100.00**

निर्गम के बाद :

चूंकि भारत सरकार को आबंटित किए जानेवाले ईक्विटी शेयरों की अपेक्षित संख्या का निर्धारण संबंधित दिनांक अर्थात् गुरूवार, 17 जनवरी, 2019 को निर्गम मूल्य के निर्धारण के बाद किया जाएगा, अत: आबंटित किए जाने वाले ईक्विटी शेयरों की संख्या के साथ-साथ निर्गम पश्चात् शेयरधारिता पैटर्न की सूचना स्टॉक एक्सचेंज सहित बैंक की वेबसाइट, ई-वोटिंग पोर्टल और बैंक की आरटीए वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। इसका प्रकाशन समाचारपत्रों में भी किया जाएगा।

घ) चूंकि संपूर्ण निर्गम भारत सरकार को जारी किया गया है, जो कि प्रमुख शेयरधारक एवं बैंक का प्रवर्तक है, अत: बैंक के प्रबंधन/ नियंत्रण में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा।

ड़) भारत सरकार (जीओआई) को अधिमानी निर्गम के अंतर्गत जारी और आबंटित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी शेयर स्टॉक एक्स्चेंजों द्वारा जारी नए ईक्विटी शेयरों के "क्रय-विक्रय अनुमोदन" के दिनांक से तीन वर्षों की अवधि के लिए अवरूद्ध रहेंगे।

च) भारत सरकार की संपूर्ण पूर्व-अधिमानी शेयरधारिता नए ईक्विटी शेयरों के "क्रय -विक्रय अनुमोदन" के दिनांक से छह माह की अवधि, जो संबंधित दिनांक से प्रारंभ होगी, के लिए अवरूद्ध रहेगी।

छ) बैंक, सेबी (आईसीडीआर) विनियमावली, 2018 में उल्लेख किए अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्गम प्रक्रिया का कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेगा।

ज) सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक(कों) द्वारा जारी इस आशय का प्रमाणपत्र कि निर्गम इन विनियमों की आवश्यकताओं के अनुसार जारी किया जा रहा है, प्रस्तावित अधिमानी निर्गम पर विचार करते हुए पोस्टल बैलेट के परिणामों की घोषणा की दिनांक तक निवेशक सेवाएं विभाग, प्रधान कार्यालय, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005 पर उपलब्ध होगा।

झ) जहां आवश्यक हो, बैंक इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार विशिष्ट प्रतिभूतियों के मूल्यों की पुनर्गणना करने का वचन देता है।

ञ) बैंक यह वचन देता है कि इन विनियमों में अनुबंधित समय-सीमा के भीतर यदि मूल्य की पुनर्गणना के कारण कोई रकम देय होती है, जिसका भुगतान नहीं हुआ है, तो आबंटिती (allottee) द्वारा ऐसी रकम के भुगतान के समय तक विशिष्ट प्रतिभूतियों को अवरुद्ध (लॉक-इन) सूची में रखा जाएगा।

ट) बैंक स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, के साथ किए गए एकसमान सूचीकरण करार और सेबी (लिस्टिंग अनिवार्यताएं और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में विनिर्दिष्ट किए अनुसार ईक्विटी शेयरों के सतत सूचीकरण की शर्तों का अनुपालन कर रहा है।

ठ. भारत सरकार ने संबद्ध दिनांक से पूर्व 6 माह की अवधि के दौरान बैंक के किसी ईक्विटी शेयर की बिक्री नहीं की है। साथ ही, जारीकर्ता बैंक में भारत सरकार (जीओआई) द्वारा धारित सभी ईक्विटी शेयर डिमटेरियलाइज्ड (बेकागजीकृत) स्वरूप में हैं।

निदेशक मंडल, सूचना की एजेंडा मद क्र.1 में उल्लेख किए अनुसार विशेष संकल्प को पारित करने की सिफारिश करता है।

बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा के अलावा उपर्युक्त संकल्पों में बैंक के किसी भी निदेशक/ मुख्य प्रबंधकीय व्यक्तियों की कोई रुचि अथवा सरोकार नहीं है।

मद क्र. 2

दीर्घकालिक संसाधनों द्वारा व्यवसाय विस्तार के लिए धन की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, साथ ही पूंजी पर्याप्तता से संबंधित बेसल III आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए और अपनेपन की भावना को बढ़ाने तथा बैंक के कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए बैंक के प्रबंधक निदेशक एवं सीईओ तथा कार्यपालक निदेशक सहित अपने स्थायी कर्मचारियों (इसके बाद एतद में "पात्र कर्मचारी" के रूप में संदर्भित) को नए इक्विटी शेयर जारी करने का बैंक प्रस्ताव करता है।

बैंक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 (सेबी (एसबीईबी) विनियम) के अनुपालन में बैंक एक योजना यथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 ("BOM ESPS - 2018") तैयार कर रहा है, जिसमें बैंक के सभी पात्र कर्मचारियों को "BOM ESPS-2018" के अंतर्गत उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार या निदेशक मंडल द्वारा या लागू कानूनों और विनियमों के अधीन ''इक्विटी शेयरों को जारी करने के लिए गठित ''निदेशकों की समिति'' (Committee) द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इक्विटी शेयर प्रदान किए जाएंगे।

उक्त प्रस्ताव भी आवश्यक होने पर भारत सरकार / भारिबैं / स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य नियामक निकायों से अनुमोदन के अधीन है।

कर्मचारियों को इक्विटी शेयर जारी करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ बैंक का उद्देश्य निम्नानुसार है:

- व्यवसाय वृद्धि के लिए बैंक की पूंजी और सीआरएआर को मजबूत करना।
- कर्मचारियों के बीच स्वामित्व और भागीदारी की समझ पैदा करना।
- बैंक के कर्मचारियों को आकर्षित करने और प्रेरित करने के लिए बैंक को सक्षम बनाना।

इक्विटी शेयरों को BOM-ESPS -2018 योजना के अंतर्गत उक्तानुसार जारी किया जाना प्रस्तावित है, जो बैंक द्वारा घोषित लाभांश का भुगतान, यदि कोई हो, सहित बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के साथ हर प्रकार से समरूप (pari passu) रैंक का होगा।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (2015) का विनियम 41 (लिस्टिंग अनिवार्यताएं व प्रकटन आवश्यकताएं) यह बताता है कि जब भी बैंक द्वारा आगे कोई भी निर्गम या प्रस्ताव दिया जाता है, तो मौजूदा शेयरधारकों को प्रो-रेटा आधार पर इसका प्रस्ताव दिया जाएगा, जब तक कि शेयरधारक सामान्य बैठक में अन्यथा निर्णय न लें। यदि उक्त संकल्प पारित किया जाता है, तो वह मौजूदा शेयरधारकों को प्रो-रेटा आधार के अलावा प्रतिभूतियों को जारी करने और आबंटित करने के लिए बैंक की ओर से निदेशक मंडल / समिति को अनुमति देने हेतु प्रभावी होगा।

सेबी (एसबीईबी) विनियम, 2015 के विनियम 6 और 14 के अनुसार, बैंक की प्रतिभूतियों को शामिल करने वाली सभी कर्मचारी लाभ योजनाएं सेबी विनियमों और किसी अन्य दिशानिर्देशों, विनियमों आदि के अनुपालन में होंगी, जो इस संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा बनाई गई हैं।

साथ ही, सेबी (एसबीईबी) विनियमों के विनियम 6 और 14 के अनुसार, बैंक की प्रतिभूतियों को शामिल करने वाली सभी कर्मचारी लाभ योजनाएं सेबी विनियमों और इस संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा बनाए गए किसी भी अन्य दिशानिर्देश, विनियम आदि के अनुपालन में होंगी।

"सेबी (LODR) विनियम, 2015 के विनियम 41 (4) और सेबी (SBEB) विनियम, 2014 के विनियम 6 के अनुसरण में बैंक पात्र कर्मचारियों को "BOM ESPS - 2018" के अंतर्गत नए इक्विटी शेयर जारी करने और आबंटन के लिए विशेष संकल्प प्रस्तावित कर रहा है।

16 जून, 2015 के परिपत्र क्र / CFD / POLICY CELL / 2/2015 के माध्यम से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा प्रदत्त आवश्यकताओं के अनुसार अन्य बातों के साथ-साथ योजना के व्यापक नियम और शर्तें तथा अतिरिक्त प्रकटन निम्नलिखित होंगे:

1. **योजना का संक्षिप्त विवरण :**

   बैंक ऐसे सभी नियमों और शर्तों पर बैंक के सभी पात्र कर्मचारियों को इक्विटी शेयर देने का इच्छुक है, जो "BOM ESPS - 2018" के अंतर्गत उल्लिखित हैं या जैसा कि निदेशक मंडल या इक्विटी शेयर जारी करने के लिए "निदेशकों की समिति" (समिति) द्वारा तय किए जा सकते हैं, जो अन्य बातों के साथ-साथ इस तरह की पेशकश के समय लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन उचित प्रीमियम के साथ रु.10 प्रत्येक के अंकित मूल्य पर बैंक के 10 करोड़ (दस करोड़) इक्विटी शेयरों से अधिक न हों और जिससे भारत सरकार की धारिता 51% से कम न हो।

2. **प्रदान किए जानेवाले शेयरों की कुल संख्या:**

   "BOM ESPS - 2018" के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को समग्रत: बैंक के कुल 10 करोड़ (दस करोड़) नए इक्विटी शेयर प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

3. **"BOM ESPS - 2018" योजना में लाभार्थी और भाग लेने के लिए पात्र कर्मचारियों के वर्गों की पहचान:**

   बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक सहित बैंक के सभी स्थायी कर्मचारी शामिल हैं।

4. **निहितिकरण की आवश्यकता और निहितिकरण की अवधि :**

   लागू नहीं

5. **अधिकतम अवधि (मामले के अनुसार सेबी (SBEB) विनियम, 2014 के विनियम 18(1) और 24 (1) के अधीन जिसमें विकल्प / SARs (स्टॉक एप्रीसिएशन अधिकार) / लाभ निहित हो सकता है) :**

   लागू नहीं

6. **खरीदी मूल्य और मूल्य निर्धारण फॉर्मूला :**

   प्रस्ताव के समय निदेशक मंडल/ निदेशकों की समिति द्वारा सेबी के विनियमों के अनुसार इक्विटी शेयरों के निर्गम के लिए खरीद मूल्य या मूल्य निर्धारण फॉर्मूला निर्धारित किया जाएगा। बैंक के पात्र कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत आबंटित किए जाने वाले शेयरों का मूल्य इक्विटी शेयरों के साप्ताहिक उच्च और निम्न मात्रा के औसत भारित मूल्य के औसत के 25% से अधिक छूट पर नहीं होगा, जो उस तारीख से दो सप्ताह पहले की अवधि के दौरान एनएसई पर कोट होता है, जिसमें प्रस्ताव देने के समय समिति/ निदेशक मंडल प्रस्ताव/ खरीद मूल्य तय करती है।

7. **कार्यान्वयन अवधि और कार्यान्वयन की प्रक्रिया :**

   जिस अवधि के दौरान निदेशक मंडल / समिति के निर्णय के अनुसार यह निर्गम खुला रहेगा वह कार्यान्वयन अवधि होगी। कार्यान्वयन की प्रक्रिया में अन्य बातों के साथ-साथ पात्र कर्मचारियों को किए गए प्रस्ताव, आवेदनों की प्राप्ति और अंशदान राशि और योजना के अनुसार शेयरों के आबंटन शामिल होंगे।

8. **प्रस्तावित ईएसपीएस के लिए कर्मचारियों की पात्रता निर्धारण हेतु मूल्यांकन प्रक्रिया:**

   योजना के प्रारंभ होने के दिनांक को बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशकों सहित सभी पात्र कर्मचारी लागू

विनियामक आवश्यकताओं और दिशानिर्देशों के अधीन भाग लेने के लिए हकदार होंगे।

9. प्रति कर्मचारी जारी किए जानेवाले शेयरों की अधिकतम और समग्रतः संख्या :

बैंक कुल मिलाकर अधिकतम 10 करोड़ (दस करोड़) इक्विटी शेयर जारी करने का प्रस्ताव करता है और प्रति कर्मचारी जारी किए जाने वाले प्रस्तावित शेयर जारी पूंजी के 1% से अधिक नहीं होंगे।

10. योजना के अंतर्गत प्रति कर्मचारी प्रदान किए जानेवाले वाले लाभ की अधिकतम मात्रा :

योजना के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को जारी किए गए इक्विटी शेयरों के अलावा, कर्मचारियों को कोई अन्य लाभ प्रदान नहीं किया जाना है।

11. क्या योजना(एं) सीधे बैंक द्वारा या ट्रस्ट के माध्यम से कार्यान्वित और प्रशासित की जाएगी:

BOM ESPS - 2018 बैंक द्वारा सीधे कार्यान्वित और प्रशासित की जाएगी।

12. क्या योजना(ओं) में बैंक या ट्रस्ट द्वारा द्वितीयक अधिग्रहण या दोनों द्वारा शेयरों के नए निर्गम शामिल हैं :

BOM ESPS - 2018 के अंतर्गत, बैंक पात्र कर्मचारियों को सीधे नए इक्विटी शेयर जारी करेगा।

13. बैंक द्वारा ट्रस्ट को योजना(ओं) के कार्यान्वयन के लिए प्रदान की जानेवाली ऋण राशि, इसकी अवधि, उपयोगिता, पुनर्भुगतान शर्तें इत्यादि:

चूंकि बैंक द्वारा BOM ESPS - 2018 के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को सीधे शेयर जारी किए जाते हैं अतः ट्रस्ट का गठन या ट्रस्ट को ऋण प्रदान करना लागू नहीं होता है।

14. सेबी विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सीमाओं के अधीन द्वितीयक अधिग्रहण का अधिकतम प्रतिशत, जो योजना(ओं) के लिए ट्रस्ट द्वारा तैयार की जा सकता है

लागू नहीं।

15. इस आशय का वक्तव्य कि कंपनी सेबी (एसबीईबी) विनियम, 2014 के विनियम 15 में निर्दिष्ट की गई लेखांकन नीतियों का पालन करेगी।

बैंक समय-समय पर लागू सेबी (एसबीईबी) विनियम, 2014 के विनियम 15 में निर्दिष्ट की गई लेखांकन नीतियों का पालन करेगा।

16. कंपनी द्वारा एसएआर या अपने विकल्प के मूल्य के उपयोग के लिए पद्धति :

BOM ESPS - 2018 के अंतर्गत केवल इक्विटी शेयर जारी किए जाते हैं अतः SAR या विकल्प का मूल्यांकन नहीं होता है।

17. निम्नलिखित वक्तव्य, यदि लागू हो :

'यदि बैंक आंतरिक मूल्य का उपयोग करते हुए शेयर-आधारित कर्मचारी लाभों के विस्तार का चयन करता है, तो कर्मचारी क्षतिपूर्ति लागत और गणना की गई कर्मचारी क्षतिपूर्ति लागत, यदि उचित मूल्य का उपयोग किया गया है, के बीच अंतर का निदेशकों की रिपोर्ट में उल्लेख किया जाएगा और लाभ तथा बैंक की प्रति शेयर आय (ईपीएस) के इस अंतर के प्रभाव का प्रकटन निदेशकों की रिपोर्ट में किया जाएगा'।

जब और जहां लागू हो, बैंक उपरोक्त आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा।

18. अवरुद्धता अवधि :

बीओएम ईपीएस - 2018 के अंतर्गत जारी किए गए इक्विटी शेयरों को सेबी (एसबीईबी) विनियम, 2014 के अनुसार आबंटन के दिनांक से एक वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए बंद रखा जाएगा।

निदेशक मंडल, सूचना की एजेंडा मद क्र.2 में उल्लेख किए अनुसार विशेष संकल्प को पारित करने की सिफारिश करता है।

बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर, बैंक के किसी भी निदेशक / मुख्य प्रबंधकीय व्यक्तियों का ऊपर उल्लिखित संकल्प में कोई हित या किसी भी प्रकार का संबंध नहीं है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते **बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

स्थान : पुणे
दिनांक : 10 जनवरी, 2019

(ए. एस. राजीव)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

NOTICE OF POSTAL BALLOT

Dear Shareholder(s),

NOTICE IS HEREBY GIVEN pursuant to Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time and Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force) to seek consent of the Shareholders of Bank of Maharashtra (hereinafter referred to as "the Bank") to pass the Special Resolutions by way of Postal Ballot including voting by electronic means i.e. "e-Voting".

The proposed Special Resolutions and Explanatory Statement, stating the material facts and reasons thereof are annexed hereto.

The Bank has appointed Ms. Malati Kumar (COP no. 10890) or failing her Ms. Ashwini Vartak (COP no.16723) of M/s. S. N. ANANTHASUBRAMANIAN & Co., Company Secretaries, Thane as Scrutinizer for conducting the Postal Ballot process in a fair and transparent manner.

Please read carefully the instructions printed in the Notice of Postal Ballot and Form and return the Form duly completed in all respects in the enclosed self-addressed postage pre-paid Business Reply Envelope so as to reach the Scrutinizer not later than close of working hours i.e. 5.00 p.m. on 16.02.2019 at the following address:

The Scrutinizer - M/s. S. N. Ananthasubramanian & Co.
UNIT: Bank of Maharashtra
C/o. MCS Share Transfer Agent Limited
A-209, 2nd Floor, C-Wing, Gokul Industrial Estate, Sagbaug,
Marol Co-op Industrial Area, Behind Times Square,
Andheri (East), Mumbai - 400 059.

The Bank is also providing e-Voting facility for voting on the Special Resolutions. The Shareholders desiring to opt for e-Voting facility are requested to read the notes to the Notice of Postal Ballot and instructions given thereunder for e-Voting purpose.

The Postal Ballot and e-voting will commence from 9.00 a.m., **Friday, 18th January, 2019** and end on **5.00 p.m., Saturday, 16th February, 2019.**

Agenda item no.1: Issue of Equity shares of Rs.10/- each of Bank to Government of India on preferential basis:

To consider and if thought fit to pass the following resolution as a Special Resolution:

"**RESOLVED THAT** pursuant to the provisions of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (**"The Act"**), The Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 (**"The Scheme"**) and The Bank of Maharashtra (Shares and Meetings) Regulations, 2004 (**"The Regulations"**), as amended from time to time and subject to the approvals, consents, sanctions, if any, of the Reserve Bank of India (**"RBI"**), Government of India (**"GOI"**), Securities and Exchange Board of India (**"SEBI"**), and/or any other authority as may be required in this regard and subject to such terms, conditions and modification/s thereto as may be prescribed by them in granting such approvals and which may be agreed to by the Board of Directors of the Bank and subject to SEBI (Issue of Capital & Disclosure Requirements) Regulations, 2018 **(SEBI ICDR Regulations)** as amended from time to time and regulations prescribed by RBI and all other relevant authorities from time to time and subject to the Listing Agreements entered into with the Stock Exchanges, where the equity shares of the Bank are listed, consent of the shareholders of the Bank be and is hereby accorded to the Board of Directors of the Bank (hereinafter called "the Board" which shall be deemed to include any Committee which the Board may have constituted or hereafter constitute, to exercise its powers including the powers conferred by this Resolution) to create, offer, issue and allot such number of Equity Shares of Rs.10/- each (Rupees Ten only) for cash at a price (including premium) as determined in accordance with Regulation 164 of SEBI ICDR Regulations aggregating **Rs.4,498 Crore** (Rupees Four Thousand Four Hundred and Ninety Eight Crore only) on Preferential basis to Government of India **("GOI")**.

RESOLVED FURTHER THAT the Relevant Date for determination of the Issue Price is fixed as 17th January, 2019.

RESOLVED FURTHER THAT the Board shall have authority and power to accept any modification in the proposal as may be required or imposed by the Government of India/ Reserve Bank of India/ Securities and Exchange Board of India/ Stock Exchanges where the shares of the Bank are listed or such other appropriate authorities at the time of according/granting their approvals, consents, permissions and sanctions to issue, allotment and listing thereof and as agreed to by the Board.

RESOLVED FURTHER THAT the said equity shares to be issued shall rank pari passu with the existing equity shares of the Bank and shall be entitled to dividend declared, if any, in accordance with the statutory guidelines that are in force at the time of such declaration.

RESOLVED FURTHER THAT the new equity shares to be issued as aforesaid will be listed on the Stock Exchanges where equity shares of the Bank are listed on the date of allotment of new equity shares.

RESOLVED FURTHER THAT for the purpose of giving effect to this Resolution, the Board be and is hereby authorised to do all such acts, deeds, matters and things as it may in its absolute discretion deem necessary, proper and desirable and to settle any question, difficulty or doubt that may arise in regard to the issue of the equity shares and further to do all such acts, deeds, matters and things, finalize and execute all documents and writings as may be necessary, desirable or expedient as it may in its absolute discretion deem fit, proper or desirable without being required to seek any further consent or approval of the shareholders or authorize to the end and intent that the shareholders shall be deemed to have given their approvals thereto expressly by the authority of this Resolution.

RESOLVED FURTHER THAT the Board be and is hereby authorized to delegate all or any of the powers herein conferred on it, to the Managing Director and Chief Executive officer or Executive Director(s) or such other officer of the Bank or a Committee as it may deem fit to give effect to the aforesaid Resolution."

Agenda item no.2: Issue of 10 crore (Ten crore) Equity shares to eligible employees of the Bank under Employee Share Purchase Scheme (ESPS) in terms of SEBI (Share Based Employee Benefits) Regulations, 2014.

To consider and if thought fit to pass the following resolution as a Special Resolution:

